बैंक खाते में वापस हुए ठगी के 60 हजार रुपये

जासं ● श्रावस्ती : साइबर क्राइम पुलिस टीम की सजगता से यूपीआइ के जरिए बैंक खाते से ठगे गए 60 हजार रुपये पीड़ित को वापस मिल गए। पूरी धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में भेज दी गई।

एसपी राहुल भाटी ने बताया कि बहराइच जिले के रिसिया क्षेत्र के उटघनिया के पठानपुरवा निवासी अकबाल खां ने 20 जनवरी को श्रावस्ती साइबर क्राइम थाने में शिकायती पत्र देकर बताया था कि किसी व्यक्ति ने उसके बैंक खाते का प्रयोग कर यूपीआइ के माध्यम से 60 हजार रुपये ठग लिए हैं। इस पर साइबर क्राइम थाने की टीम ने रुपये वापस करने के लिए काम शुरू किया। काफी प्रयास के बाद टीम ने पीड़ित के बैंक खाते से ठगे गए पूरे रुपये को वापस करा दिए।